बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक

सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754


# रंग डालने को लेकर हुआ बवाल, फायरिंग व पथराव

## बाजार से लौटते समय महिलाओं से छेड़खानी, दो लोग घायल

संवाददाता, फतेहगंज पूर्वी

- अत्तूनगला में मामूली कहासुनी ने बढ़कर उग्र रूप ले लिया
- पथराव में मची अफरा-तफरी में एक महिला व युवक घायल
- गांव में तनाव, पुलिस ने हालात किए काबू, फोर्स तैनात

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव अत्तूनगरा में होली से पहले रंग डालने को लेकर मामूली कहासुनी ने उग्र रूप ले लिया। देर शाम शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट, फायरिंग और पथराव में बदल गया। गोलियों की आवाज से पूरा गांव दहल उठा और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना में एक युवक और एक महिला घायल हो गए, जबकि दबंगों ने एक टेंपो को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सोमवार देर शाम नगर से बिलपुर मार्ग पर गांव अत्तूनगरा के सामने कुछ महिलाएं, बालिकाएं और युवक बाजार से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में मौजूद कुछ शरारती तत्वों ने महिलाओं पर जबरन रंग डालना शुरू कर दिया। आरोप है कि रंग डालने वाले युवक शराब के नशे में थे। महिलाओं और साथ चल रहे लोगों ने इसका विरोध किया तो दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई।



मारपीट और पथराव के बाद टैम्पों को क्षतिग्रस्त कर दिया। • अमृत विचार

देखते ही देखते विवाद ने तूल पकड़ लिया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। आरोप है कि इस दौरान फायरिंग हुई और जमकर पथराव भी हुआ। अचानक हुई गोलीबारी से गांव में भगदड़ मच गई। अफरा-तफरी के बीच एक युवक और एक महिला घायल हो गए। आशंका जताई जा रही है कि भागने के दौरान गिरने से दोनों के हाथ में गंभीर चोट आई है। आरोप है कि बवाल के दौरान कुछ दबंगों ने मौके पर खड़े एक टेंपो को निशाना बनाते हुए उसे बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद पूरे गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संतोष सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस आरोपितों की तलाश में दबिश दे रही है। कस्बा प्रभारी लक्ष्मी नारायण सिंह ने बताया कि फिलहाल किसी भी पक्ष से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। एहतियातन गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि हालात काबू में हैं।

# बिशारतगंज में आमने-सामने से हुई कार-बाइक में भिड़ंत, युवक की मौत

संवाददाता, बिशारतगंज

**अमृत विचार :** अलीगंज-रमपुरा मार्ग पर सोमवार शाम पराबहाउद्दीनपुर गांव के समीप हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मृतक रोहित

प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि थाना भमोरा क्षेत्र के नौगवा ठाकुरान गांव निवासी गजरा मौर्य का 20 वर्षीय पुत्र रोहित बाइक से थाना बिशारतगंज क्षेत्र के गिघौली गांव में रिश्तेदारी में जा रहा था। इसी दौरान अलीगंज से देवचरा की ओर जा रही एक ईको कार से उसकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रोहित ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना पर सीओ आंवला नितिन कुमार भी मौके पर पहुंचे पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद कार चालक को ग्रामीणों ने पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मृतक रोहित अविवाहित था और पुताई का कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था।

**हाफिजगंज** थाना क्षेत्र में रविवार शाम हाफिजगंज तिराहे के पास तेजी से आ रही बाइक ने साइकिल में टक्कर मारने से ओमकार( 26 ) की जान चली गई। वह भटठे से मजदूरी करके लौट रहे थे। घर में अकेले कमाने वाले थे।

## मिट्टी की ढांग गिरने से घायल किशोर की मौत

मीरगंज, अमृत विचार : क्षेत्र के एक गांव में मिट्टी की ढांग गिरने से घायल किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गई। उसकी मौत की सूचना से घर में होली के त्योहार पर कोहराम मच गया।आपको बता दें कि गांव धनेटा निवासी विक्की मौर्य उम्र करीब 16 वर्ष बीते शुक्रवार को घर में चूल्हा बनाने के लिए कुछ लोगों के साथ मिट्टी लेने भाखड़ा नदी किनारे गया। नदी किनारे मिट्टी खोदते समय ढांग विक्की और उसके साथी के ऊपर गिर गई थी। जिससे दोनों मलबे में दब गए थे। ग्रामीणों ने दोनों को बाहर निकाला। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। रविवार रात में इलाज के दौरान 16 वर्षीय विक्की मौर्य पुत्र अनिल मौर्य की मौत हो गई।होली त्योहार के एक दिन पहले विक्की की मौत से घर में कोहराम मच गया। पूर्व प्रधान प्रेमराज मौर्य ने बताया विक्की अनिल का इकलौता पुत्र था। वह गड्ढे में बैठकर मिट्टी खोद रहा था। ढांग गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। अब उसकी मृत्यु हो गई। परिवार में कोहराम मचा हुआ है।



मृतक विक्की

## ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**भोजीपुरा अमृत विचार :** जादोंपुर सेथल रोड पर मसीत गांव के पास आज सुबह अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से एक बाइक साबर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। बाईक सवार मुकेश पुत्र छोटे लाल निवासी ग्राम हिमकरा, नवाबगंज सुबह करीब 7 बजे वाईक से भोजीपुरा आ रहा था रास्ते मे जादोंपुर सेथल रोड़ पर मसीत गांव के पास किसी अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी, हादसे मे मुकेश की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में एक अन्य युवक भी घायल हुआ है, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# लुटेरे ने महिला पर किया हमला, गिरफ्तार



घायल महिला से घटना की जानकारी लेते क्षेत्राधिकारी नीलेश मिश्रा।

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव विथरी में देर रात लूट की नीयत से घर में घुसे युवक ने बुजुर्ग महिला पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। लूट का विरोध करने पर आरोपी ने महिला के सिर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

कस्बे से सटा हुआ गांव विथरी निवासी वीरपाल, दूध बेचने का कार्य करता है। वीरपाल ने थाना नवाबगंज में दी तहरीर में बताया कि उसके माता-पिता हीराकली और नत्थूलाल घर के पास अलग मकान में रहते हैं। वह माता पिता से अलग घर में रहता है। उसके पिता नत्थूलाल पैरालाईसिस से पीड़ित हैं और चलने-फिरने में असमर्थ हैं। आरोप है कि बीती रात करीब ढाई तीन बजे गांव का ही प्रदीप मौर्य घर में घुस आया और हीराकली के कान से सोने का कुंडल खींच लिया। जब महिला ने आरोपी को पहचान कर नाम लेकर ललकारा तो उसने धारदार हथियार से सिर और चेहरे पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। 112 पुलिस की मदद से घायल महिला को सीएचसी नवाबगंज ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें बरेली जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।महिला की हालत गंभीर बनी हुई है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया।

## खरीदारी को लोग उमड़े, 500 रुपये किलो बिका मावा

**शेरगढ़ ,अमृत विचार :** कस्बे में सोमवार को खरीदारी को लोगों की भीड़ उमड़ी। इस दौरान क्षेत्र के गांवों से पहुंचे लोगों ने खूब खरीदारी की। दुकानदारों ने औने-पौने दामों पर विक्री कर खूब चांदी काटी।

नगर में अबीर गुलाल पिचकारी आदि की जमकर विक्री हुई। नगर की दुकानों पर खोया 450 से 500 रुपए प्रति किलो तक बिका। बड़ी संख्या में क्षेत्र के गांवों से लोग खरीदारी को शेरगढ़ पहुंचे जिससे नगर की गलियां गुलजार रही। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ गजेंद्र सिंह ने बताया कि होली में रंग डालने के दौरान बेहद सावधानी बरतें, केमिकल रहित रंग का प्रयोग करें। किसी भी समस्या होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या फिर निकटवर्ती स्वास्थ्य केंद्र में जाकर स्वास्थ्य संबंधी सलाह लें।

होलिका दहन को लेकर क्षेत्र में असमंजस का माहौल रहा। कुछ ने सोमवार को पूजन किया तो बड़ी संख्या में लोग मंगलवार को भी होलिका पूजन करेंगे।

पुलिस की मानें तो थाना क्षेत्र के प्रहलादपुर,अंबरपुर,मधुकरपुर,प नबड़िया,सुकटिया तथा कुड़का में सोमवार की रात तो वहीं शेष गांव में मंगलवार की रात्रि होलिका दहन किया जाएगा।

# बिना परमिट काटे पेड़ वन विभाग ने पकड़े



वन विभाग ने पकड़ा बगैर अनुमति के काटे गये पेड़ लदा वाहन। • अमृत विचार

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार:** सोमवार सुबह करीब 9 बजे क्षेत्र के गांव हल्दी खुर्द में बिना परमिट शीशम के पेड़ काटे जाने की सूचना ग्रामीणों ने डीएफओ को दी। डी एफ ओ स्तर से क्षेत्राधिकारी को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही वन रेंजर संतोष कुमार मठपाल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

टीम में डिप्टी रेंजर मुकेश कुमार, वन दरोगा फराज नदीम, छत्रपाल सिंह, वनरक्षक जतिन और वनरक्षक छेदा लाल शामिल रहे। टीम के मौके पर पहुंचने से पहले एक पिकअप लकड़ी भरकर जा चुकी थी, जबकि दूसरी पिकअप में लकड़ी भरी जा रही थी। वन विभाग की टीम ने मौके से लकड़ी से भरी पिकअप को कब्जे में ले लिया।टीम की जांच में सामने आया कि खेत मालिक राजवीर सिंह निवासी हल्दी खुर्द के खेत से बिना परमिट शीशम के पेड़ काटे जा रहे थे। 22 कुंतल शीशम लठ्ठा जब्त किया गया है।इस मामले में ठेकेदार शादाब अली निवासी परौरा और पिकअप चालक महावीर सिंह निवासी ग्राम मसीहाबाद समेत वृक्ष स्वामी राजवीर सिंह निवासी ग्राम हल्दी खुर्द के खिलाफ धारा 4/10 और अधिनियम नियमावली 3/28 में मुकदमा दर्ज कराया गया है।वहीं पिकअप को सीज कराया गया है।रेंजर संतोष कुमार मठपाल ने बताया कि क्षेत्र में बिना परमिट लकड़ी का कटान नहीं होने दिया जाएगा।परमिट के बाद ही लकड़ी कटान करने को कहा गया है।

## कर्ज से परेशान मजदूर ने फंदे पर झूलकर दी जान

**हाफिजगंज,अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव मटकुला में कर्ज और बकाया मजदूरी से परेशान एक मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसके आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

- बकाया मजदूरी नहीं दे रहा था ठेकेदार

मृतक दीपांकर मिश्रा पिछले माह गांव के अन्य मजदूरों के साथ ठेकेदार के जरिए काम करने आंध्र प्रदेश गए थे। परिजनों के अनुसार वहां एक सीमेंट फैक्ट्री में काम करने के बाद मजदूरी मांगने पर कंपनी प्रबंधन ने बताया कि ठेकेदार मार्च तक का करीब ढाई लाख रुपये अग्रिम ले चुका है। आरोप है कि ठेकेदार ने मजदूरों को भुगतान नहीं किया। घर लौटने के बाद दीपांकर ने 24 फरवरी को थाना हाफिजगंज में शिकायत दी और 28 फरवरी को जनसुनवाई पोर्टल पर भी प्रार्थना पत्र भेजा, लेकिन भुगतान न होने से वह लगातार तनाव में थे। परिजनों का कहना है कि होली के त्योहार पर घर खर्च और सामान के लिए रुपये न होने से वह बेहद परेशान थे।

बताया गया कि ठेकेदार ने पांच हजार रुपये खाते में डालने का आश्वासन दिया था, पर राशि नहीं आई। इसके बाद दीपांकर घर लौटते समय चकरोड किनारे जामुन के पेड़ पर फांसी के फंदे से लटक गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## सड़क किनारे खड़ी कार चोरी

**रिठौरा,अमृत विचार:** भोजीपुरा मार्ग पर शमशान भूमि के बाहर खड़ी ईको कार को अज्ञात चोर चुरा ले गए।सुबह होने पर मोहल्ला खेड़ा का कार स्वामी नौशाद वहां पहुंचा तो उसकी कार वहां से गायब थी। काफी देर तक खोजने पर नहीं मिली तो पीड़ित ने 112 पर काल कर पुलिस को सूचना दी।

# किशोरी को लेकर युवक फरार

**भमोरा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि वह हिमाचल प्रदेश में रहकर मजदूरी कर अपने बच्चों का पालन पोषण करता है। 19 फरवरी को उसकी पत्नी दवा लेने गई हुई थी तभी उसकी पुत्री को एक युवक बहला फुसला कर ले गया । तलाश किया तो जानकारी हुई कि सोरों निवासी दीपक पुत्री को बहला फुसला कर ले गया है थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच की बात कही । परिजन बेटी के गायब होने पर परेशान हैं। पुलिस को जानकारी देने के बाद भी युवक के घर वालों के संपर्क कर रहे हैं । ताकि बेटी वापस मिल जाए।

# सांस्कृतिक धरोहर है संत समाज

संवाददाता,नवाबगंज

- भाजपा नेता ने साधु-संतों का किया सम्मान

**अमृत विचार:** संत समाज भारतीय संस्कृति की धरोहर है और उनका सम्मान करना हर व्यक्ति का दायित्व है। प्रदेश सरकार की नीतियों और कार्यशैली की और योगी आदित्यनाथ का नेतृत्व प्रेरणादायक है। यह बात भाजपा नेता एडवोकेट नंद किशोर ने कही। वह आज यहां संतो का सम्मान करने के बाद कार्यक्रम को सबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्र के गांव ईंध जगीर स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में किया गया, जहां नगर और आसपास के गांवों से आए कई दर्जन संत-महात्माओं का माल्यार्पण कर तथा अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया। आयोजन में धार्मिक वातावरण में भाजपा समर्थकों की भी अच्छी-खासी मौजूदगी रही। सम्मानित किए गए संतों में प्रमुख रूप से मोहित शर्मा,गोपाल शरण, मोहन मिश्रा, विशाल शर्मा, कमल मिश्रा,प्रदीप राज, योगेश मिश्रा, कमलाकांत शास्त्री और हरिओम मिश्रा सहित अन्य संत शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता की पत्नी रेशम भी मौजूद रहीं। साथ ही ग्राम प्रधान प्रेमशंकर गंगवार उर्फ लला समेत कई स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। चर्चा है कि यह आयोजन चुनाव को ध्यान में रखकर किया गया है और आयोजक कार्यक्रम के जरिए अपनी सक्रियता का प्रदर्शन कर रहे हैं।



ईध जागीर मंदिर पर साधु संतों को सम्मानित करते भाजपा नेता नंदकिशोर और उनकी पत्नी रेशम। • अमृत विचार


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005




बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
निः शुल्क परामर्श
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002


## सूचना

मेरे पुराने पासपोर्ट सं. एम 6116297 में मेरा नाम अनवरी गलत दर्ज हो गया है जबकि मेरा सही नाम अनबरी बेगम (ANBARI BEGUM) है । मुझे इसी नाम से जाना जाए। अनबरी बेगम पत्नी **इकबाल अहमद (IQBAL AHMAD) नि. ग्राम रिछोला किफायतुल्ला पोस्ट, थाना व तह. नवाबगंज जिला बरेली ।**

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र इमरान को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **मो. इकबाल पुत्र श्री मो. सद्दीक निवासी बुन्दा की डेरी जिला पीलीभीत।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।





# भारतीय एयरलाइंस ने रद्द कीं 357 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें



परिवार से मिलकर हुए भावुक

लेबनान के बेरूत के दक्षिणी उपनगर दाहियेह पर इजरायली हवाई हमलों के बाद आग की लपटें और धुआं उठता हुआ दिखाई दिया।

**नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण परिचालन में व्यवधान तीसरे दिन भी जारी रहने को लेकर भारतीय विमानन कंपनियों ने सोमवार को 357 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों का संचालन रद्द कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को देश के चार मुख्य हवाई अड्डों - दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और चेन्नई पर आगमन और प्रस्थान सहित 300 से अधिक उड़ानें रद्द की गईं। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के मद्देनजर पश्चिम एशिया क्षेत्र के कई हवाई क्षेत्र बंद रहे। नागर विमानन मंत्रालय ने सोमवार को ''एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा, यात्रियों को राहत पहुंचाने के लिए पश्चिम एशिया क्षेत्र की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। मौजूदा स्थिति के कारण आज संचालित होने वाली 357 उड़ानें रद्द कर दी गईं।

- **नागर विमानन मंत्रालय ने कहा-यात्रियों को राहत पहुंचाने के लिए स्थिति पर रखी जा रही लगातार नजर**

भारतीय एयरलाइंस ने 28 फरवरी से शुरूआती तीन दिनों में, संघर्ष के कारण विभिन्न गंतव्यों के लिए 1,117 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दीं। अधिकारियों और वेबसाइटों व अन्य स्रोतों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार को इंडिगो ने 163 से अधिक उड़ानें रद्द कीं, जबकि एयर इंडिया समूह (एअर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस) ने 110 से अधिक उड़ानें रद्द कीं। स्पाइसजेट ने कम से कम 20 उड़ानें रद्द कीं, जबकि अकासा एयर ने आठ उड़ानें संचालित नहीं कीं। एयर इंडिया ने सोमवार को उत्तरी अमेरिका और यूरोप के लिए लगभग 20 उड़ानें संचालित कीं। यूरोप में प्रवेश करने से पहले इन उड़ानों ने ओमान, सऊदी अरब और मिस्र के ऊपर से होते हुए लंबा मार्ग अपनाया। इस बीच, मुंबई और दिल्ली हवाई अड्डों पर दिन भर में क्रमशः 116 और 87 उड़ानें रद्द हुईं। बेंगलुरु और चेन्नई हवाई अड्डों पर क्रमशः 72 और 28 उड़ानें रद्द हुईं।

दिल्ली हवाई अड्डे के संचालक डीआईएएल ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे राजनीतिक घटनाक्रमों के कारण पश्चिम की ओर जाने वाली कुछ अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में देरी या समय-सारणी में बदलाव हो रहा है। मंत्रालय ने सोमवार को यह भी कहा कि एयरलाइंस और संबंधित हितधारकों के समन्वय से ''एयरसेवा'', सोशल मीडिया मंच और विशेष हेल्पलाइन के माध्यम से कुल 559 यात्रियों की शिकायतों का समाधान किया गया है। मंगलवार को भी कई उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। एयर इंडिया ने कहा कि उसने पश्चिम एशिया से आने-जाने वाली अपनी सभी उड़ानों का निलंबन 3 मार्च तक बढ़ा दिया है, जबकि अमेरिका, कनाडा, यूरोप और ब्रिटेन के लिए उसकी निर्धारित उड़ानें फिर से शुरू हो गई हैं। एयर इंडिया ने ''एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा कि पश्चिम एशिया के ऊपर कई हवाई क्षेत्रों के लगातार बंद होने के मद्देनजर, एयर इंडिया ने इस क्षेत्र से आने-जाने वाली अपनी सभी उड़ानों का अस्थायी निलंबन 3 मार्च 2026 को रात 23:59 बजे तक बढ़ा दिया है। एक्स पर एक पोस्ट में, अकासा एयर ने कहा कि अबू धाबी, दोहा, जेद्दा, कुवैत और रियाद से आने-जाने वाली उसकी उड़ानें मंगलवार को निलंबित रहेंगी। इंडिगो ने ''एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा, हमारी निरंतर एहतियाती रणनीति के तहत, पश्चिम एशियाई हवाई क्षेत्र के कुछ हिस्सों से होकर गुजरने वाली चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का अस्थायी निलंबन बढ़ा दिया गया है। इस बीच, बेंगलुरु में अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 72 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं।

## दुबई से सीमित उड़ानें शुरू, कई भारतीय शहर सूची में शामिल

दुबई। दुबई हवाई अड्डे ने सोमवार शाम सीमित संख्या में उड़ानों का परिचालन शुरू करने की घोषणा की है जिसमें कई भारतीय शहरों की उड़ानें भी शामिल हैं। दुबई हवाई अड्डे के मीडिया कार्यालय ने एक बयान में इस बात की पुष्टि की है कि 02 मार्च की शाम सीमित परिचालन शुरू किया जा रहा है। ये उड़ानें दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा और दुबई वर्ल्ड सेंट्रल – अल मक्तूम इंटरनेशनल से शुरू होंगी। इजराइल और अमेरिका के संयुक्त अभियान में 28 फरवरी को ईरान पर हुए हमले के बाद ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात समेत पश्चिम एशिया के कई देशों पर हमले किए थे। उसके बाद से ही दुबई हवाई अड्डे को बंद कर दिया गया था। दुबई हवाई अड्डे की वेबसाइट के अनुसार, पहली उड़ान ईके 500 मुंबई के लिए शाम आठ बजे (भारतीय समय के अनुसार रात 9 .30 बजे) रवाना होगी। यह एमिरेट्स की उड़ान है। चेन्नई की उड़ान ईके 542 स्थानीय समय के अनुसार रात नौ बजे और नई दिल्ली की उड़ान रात 9 .30 बजे रवाना होगी। बेंगलुरु के लिए ईके 568 रात 9 .35 बजे (स्थानीय समय) और हैदराबाद के लिए ईके 524 रात 9 .30 बजे उड़ान भरेगी। इन भारतीय शहरों के अलावा मॉस्को, कजान, येकातेरिंगबुर्ग, वारसा, बेलग्रेड, बुखारेस्ट और अल्माटी के लिए भी उड़ानें तय की गई हैं।

## इजराइल के साथ दुनिया की भी रक्षा कर रहे : नेतन्याहू

**यरूशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को कहा कि ईरान का परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम पूरी दुनिया के लिए खतरा है और इजराइली सेना की कार्रवाई का उद्देश्य केवल इजराइल की नहीं, बल्कि पूरे विश्व की सुरक्षा करना है। बेत शेमेश पर रविवार को हुए ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमले के बाद वहां का दौरा करते समय नेतन्याहू ने कहा, यह ऑपरेशन ''रोरिंग लॉयन'' का तीसरा दिन है। इजराइली सेना और इजराइल सरकार ने हमारे मित्र अमेरिका और राष्ट्रपति ट्रंप के साथ मिलकर इजराइल के अस्तित्व को होने वाले खतरे और अमेरिका तथा पूरी दुनिया के लिए बड़े खतरों को नष्ट करने के लिए यह अभियान शुरू किया है। बेत शेमेश में एक आवासीय क्षेत्र में मिसाइल गिरने से नौ लोग मारे गए और 20 से अधिक लोग घायल हो गए। यह क्षेत्र यरूशलम से लगभग 35 किलोमीटर दूर स्थित है।

## अबू धाबी से लौटे यात्रियों का आईजीआई पर भावुक स्वागत

**नई दिल्ली, एजेंसी |** पश्चिम एशिया में जारी भारी तनाव और हालिया मिसाइल हमलों के बीच अबू धाबी से भारतीयों की वापसी शुरू हो गई है। सोमवार रात जब एतिहाद एयरवेज की विशेष उड़ान (ईवाई 216) इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी, तो वहां का नजारा बेहद भावुक था। करीब 300 से अधिक यात्रियों को लेकर पहुंचे इस विमान के बाहर निकलते ही परिजनों ने अपनों को गले लगा लिया और ईश्वर का शुक्रिया अदा किया।

**आंखों देखा खौफ : आसमान में दिख रही थीं मिसाइलें**

हवाई अड्डे पर उतरे यात्रियों के चेहरे पर सुरक्षित लौटने की खुशी के साथ–साथ पिछले कुछ दिनों का खौफ भी साफ झलक रहा था। यात्री शिव शर्मा ने बताया, "अबू धाबी एयरपोर्ट पर स्थिति बहुत तनावपूर्ण थी। जब हम वहां फंसे थे, तब कई बार सायरन बजे। हमने अपनी आंखों से मिसाइलों और ड्रोनों को इंटरसेप्ट होते देखा। लग रहा था कि हम कभी वापस नहीं आ पाएंगे।

**परिजनों की लंबी प्रतीक्षा खत्म :** हवाई अड्डे के टर्मिनल–3 के बाहर घंटों से इंतजार कर रहे विनोद शर्मा जैसे कई पिता अपने बेटों को सुरक्षित देख भावुक हो गए। उन्होंने कहा, पिछले 48 घंटों से हमने खाना–पीना छोड़ दिया था। टीवी पर हमलों की खबरें देखकर दिल बैठा जा रहा था।

## पाकिस्तान में तीन दिन के लिए कर्फ्यू

**इस्लामाबाद।** अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शनों में कई लोगों की जान जाने और दर्जनों लोगों के घायल होने के बाद, पाकिस्तान ने सोमवार तड़के गिलगित और स्कार्दू में सेना तैनात कर तीन दिन के लिए कर्फ्यू लगा दिया। रविवार को हजारों शिया प्रदर्शनकारियों ने स्कार्दू शहर में संयुक्त राष्ट्र सैन्य पर्यवेक्षक समूह और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के कार्यालयों पर हमला किया। अधिकारियों के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने गिलगित में एक पुलिस थाने में आगजनी की और एक स्कूल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। गिलगित–बाल्टिस्तान क्षेत्र की पुलिस ने बताया कि इस घटना में कम से कम 12 लोग मारे गए और 80 अन्य घायल हो गए।

## फ्रांस सहयोगी देशों को परमाणु हथियारों से लैस विमानों की अस्थायी तैनाती की अनुमति देगा

**लील लॉन्ग (फ्रांस), एजेंसी।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोमवार को घोषणा की कि उनका देश यूरोप की स्वतंत्रता को मजबूत करने के उद्देश्य से अपनी नई परमाणु रणनीति के तहत सहयोगी देशों को परमाणु आयुध से लैस लड़ाकू विमानों की अस्थायी तैनाती की अनुमति देगा। मैक्रों ने फ्रांस के उत्तर–पश्चिमी क्षेत्र में स्थित लील लॉन्ग सैन्य अड्डे पर देश की परमाणु रणनीति के बारे में भाषण के दौरान ये घोषणाएं कीं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि फ्रांस अपने परमाणु हथियारों की संख्या को बढ़ाएगा। वर्तमान में फ्रांस के पास 300 से कम परमाणु हथियार हैं। मैक्रों ने हालांकि परमाणु हथियारों में वृद्धि की कोई निश्चित संख्या नहीं बताई। राष्ट्रपति ने कहा कि यह अभूतपूर्व नई नीति हमारे सामरिक वायु रक्षा बलों के कुछ तत्वों को सहयोगी देशों में अस्थायी रूप से तैनात करने का प्रावधान कर सकती है, लेकिन उन्होंने कहा कि परमाणु हथियारों के उपयोग के संबंध में किसी भी अन्य राष्ट्र के साथ निर्णय लेने में कोई साझेदारी नहीं होगी। मैक्रों ने कहा कि इस तरह के समझौतों को लेकर ब्रिटेन, जर्मनी, पोलैंड, नीदरलैंड, बेल्जियम, यूनान, स्वीडन और डेनमार्क के साथ बातचीत शुरू हो गई है। इस सैन्य अड्डे पर देश की बैलिस्टिक मिसाइल से लैस पनडुब्बियां तैनात हैं। मैक्रों के भाषण का उद्देश्य यह स्पष्ट करना था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बार–बार होने वाले तनावों से महाद्वीप में उठाई गई चिंताओं के बीच फ्रांसीसी परमाणु हथियार यूरोप की सुरक्षा में कैसे उपयुक्त हैं। फ्रांसीसी संविधान के तहत सशस्त्र बलों के कमांडर–इन–चीफ मैक्रों ने कहा कि फ्रांस अपने सहयोगी देशों को निवारक अभ्यासों में भाग लेने की अनुमति देगा।



## उड़ाने रद्द होने से कई देशों की सरकारें अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चिंतित

**लंदन, एजेंसी।** अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमले के बाद पश्चिम एशिया से होकर गुजरने वाली उड़ानें रद्द होने की वजह से दुनिया के कई देशों की सरकारों को अपने–अपने नागरिकों को सुरक्षित घर वापस लाने में काफी संघर्ष का सामना करना पड़ रहा है। पश्चिम एशिया के कई देशों में पर्यटक और व्यावसायिक यात्री अप्रत्याशित रूप से होटलों, हवाई अड्डों और क्रूज जहाजों में फंसे हुए हैं। इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि ये हवाई अड्डे कब फिर से खुलेंगे या पश्चिम एशिया के लिए और उसके माध्यम से उड़ानें कब फिर से शुरू होंगी। कई देशों की सरकारों ने अपने–अपने नागरिकों को सुरक्षित स्थानों में शरण लेने की सलाह दी है। दुबई, अबू धाबी और दोहा के हवाई अड्डों को बंद कर दिया गया है– जिनमें दुनिया का सबसे व्यस्त माना जाने वाला दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भी शामिल है। ये हवाई अड्डे यूरोप, अफ्रीका और पश्चिमी देशों से एशिया के बीच यात्रा के महत्वपूर्ण केंद्र हैं। इन हमलों के कारण ये हवाई अड्डे प्रभावित हुए हैं। कतर एयरवेज ने सोमवार को कहा कि उसकी उड़ानें स्थगित रहेंगी और अगली जानकारी मंगलवार सुबह जारी की जाएगी, जबकि जॉर्डन ने अपने हवाई क्षेत्र को आंशिक रूप से बंद करने की घोषणा की है। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण जर्मनी के लगभग 30,000 पर्यटक वर्तमान में क्रूज जहाजों, होटलों या बंद हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं और घर वापस नहीं लौट पा रहे हैं। जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वाडेफुल ने रविवार देर रात कहा कि हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण फिलहाल सैन्य निकासी संभव नहीं है। चेक गणराज्य अपने नागरिकों को वापस लाने के लिए मिस्र और जॉर्डन में दो विमान भेज रहा है। पश्चिम एशिया में चेक गणराज्य के करीब 6,700 लोग फंसे हुए हैं। एशिया में अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द होने के कारण इंडोनेशिया के पर्यटक द्वीप बाली में हजारों यात्री फंस गए।

## अमेरिकी रक्षामंत्री पीट हेगसेथ बोले, ईरान युद्ध अंतहीन नहीं, हम जीत के लिए लड़ते हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सोमवार को ईरान में अमेरिका–इजराइल के हमलों के एक लंबे क्षेत्रीय संघर्ष में तब्दील होने की बढ़ती चिंताओं पर कहा कि यह इराक नहीं है और यह अंतहीन नहीं है। हेगसेथ ने वायुसेना के जनरल एवं ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष डैन केन के साथ शनिवार के हमलों के बाद से ट्रंप प्रशासन की पहली प्रेसवार्ता की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हालांकि कुछ पत्रकारों के साथ फोन पर साक्षात्कार किए हैं, लेकिन उन्होंने कैमरे पर सवालों के जवाब नहीं दिए हैं और अभियान शुरू होने के बाद से केवल दो वीडियो जारी किए हैं। हेगसेथ ने कहा, हम जीतने के लिए लड़ते हैं, और हम समय या जीवन बर्बाद नहीं करते। उन्होंने कहा, यह तथाकथित सत्ता परिवर्तन का युद्ध नहीं है, लेकिन सत्ता परिवर्तन निश्चित रूप से हुआ है और दुनिया के लिए यह बेहतर स्थिति है। यह प्रेस वार्ता ऐसे समय हुई है जब क्षेत्र में संघर्ष एक व्यापक युद्ध में तब्दील हो चुका है। ईरान और उसके सहयोगी सशस्त्र समूहों ने इजराइल, अरब देशों और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल दागी हैं। इस युद्ध में चार अमेरिकी सैनिक मारे गए हैं। ट्रंप ने रविवार को कहा था कि और भी अमेरिकी सैनिक हताहत हो सकते हैं। केन ने कहा कि अमेरिका को नुकसान होने की आशंका है।



संकट

**होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल–गैस टैंकर की आवाजाही प्रभावित होने का असर**

# पश्चिम एशिया में संकट गहराने से तेल के दाम में तेजी

**फ्रैंकफर्ट, एजेंसी**



ईरान पर अमेरिका और इजराइल के समन्वित हमलों के बाद पश्चिम एशिया में जंग के हालात से सोमवार को वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया। होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल एवं गैस टैंकर की आवाजाही प्रभावित होने से दाम में तेजी आई है। अमेरिकी तेल की कीमतें 7.6 प्रतिशत बढ़कर 72.12 डॉलर प्रति बैरल हो गईं, जबकि अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 8.6 प्रतिशत बढ़कर 79.11 डॉलर प्रति बैरल हो गई। यूरोप में प्राकृतिक गैस वायदा की कीमतों में 40 प्रतिशत से अधिक की उछाल आया। इसका कारण एलएनजी की एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता कतर ने संघर्ष के कारण उत्पादन रोक दिया है।

तेल की ऊंची कीमतों से अमेरिकी चालकों के लिए पेट्रोल की कीमत बढ़ने की आशंका है। साथ ही ऐसे समय में जब कई देशों के लोग मुद्रास्फीति से जूझ रहे हैं, अन्य वस्तुओं की कीमतों में भी वृद्धि हो सकती है, आंकड़ा विश्लेषण कंपनी केप्लर ने एक्स पर बताया कि उपग्रह नेविगेशन प्रणालियों में व्यवधान के कारण टैंकर की आवाजाही में भारी कमी आई है। वहीं यूके मेरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर ने जलडमरूमध्य के दोनों ओर के क्षेत्र में कई जहाजों पर हमलों की सूचना दी है।

कारोबारियों को आशंका है कि कि ईरान और पश्चिम एशिया के अन्य देशों से कच्चे तेल की आपूर्ति धीमी पड़ सकती है या ठप हो सकती है। क्षेत्र में हमलों, खासकर फारस की खाड़ी के संकरे प्रवेश मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे दो जहाजों पर हमले के कारण निर्यात क्षमता प्रभावित हुई है। ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना है कि यदि पश्चिम एशिया में हमले लंबे समय तक जारी रहे तो कच्चे तेल और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आगे और बढ़ोतरी हो सकती है।

इस बीच, तेल उत्पादक देशों के समूह ''ओपेक प्लस'' के आठ सदस्यों ने रविवार को तेल उत्पादन बढ़ाने की घोषणा की। पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) ने कहा कि वह अप्रैल में प्रतिदिन 2,06,000 बैरल उत्पादन बढ़ाने जा रहा है। उत्पादन बढ़ाने वाले देशों में सऊदी अरब, रूस, इराक, यूएई, कुवैत, कजाखस्तान, अल्जीरिया और ओमान शामिल हैं। रिस्टैड एनर्जी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जॉर्ज लियोन ने कहा, वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। ऐसे में बाजार इस बात को लेकर अधिक चिंतित है कि कच्चे तेल की खेप वास्तव में यहां से जा पाएगी या नहीं। यदि खाड़ी क्षेत्र में आवाजाही बाधित होती है तो अतिरिक्त उत्पादन से तत्काल राहत सीमित रहेगी। ईरान प्रतिदिन लगभग 16 लाख बैरल तेल का निर्यात करता है, जिसका अधिकांश हिस्सा चीन को जाता है। यदि ईरान का यह निर्यात बाधित होता है तो चीन को वैकल्पिक आपूर्ति स्रोत तलाशने पड़ सकते हैं, जिससे वैश्विक ऊर्जा कीमतों पर और दबाव बढ़ सकता है।

## निर्माणाधीन पुल का हिस्सा ढहा, तीन इंजीनियर निलंबित

**गोपालगंज, एजेंसी।** बिहार के गोपालगंज जिले में घोघरी नदी पर निर्माणाधीन एक छोटे पुल का हिस्सा ढह जाने के बाद राज्य सरकार ने तीन अभियंताओं को निलंबित किया है और संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह घटना 28 फरवरी को हुई थी। ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा 2.87 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित किया जा रहा यह पुल छह मार्च तक पूरा किया जाना निर्धारित था। पुल का हिस्सा ढहने के बाद आरडब्ल्यूडी ने कर्तव्य में लापरवाही के आरोप में कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता और एक कनिष्ठ अभियंता को निलंबित कर दिया है। निर्माण कार्य के लिए जिम्मेदार ठेकेदार को काली सूची में डालने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। गोपालगंज के जिलाधिकारी पवन कुमार सिन्हा ने सोमवार को घटनास्थल का दौरा किया और आरडब्ल्यूडी के अभियंताओं के खिलाफ कड़ी विभागीय कार्रवाई का आदेश दिया।

## केजरीवाल को बरी करने का विशेष कोर्ट का आदेश त्रुटिपूर्ण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **आबकारी मामले में सीबीआई ने दी दिल्ली हाईकोर्ट में दलील**
- **एजेंसी ने कहा-कोर्ट का फैसला गलत व्याख्या पर आधारित**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आबकारी नीति मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और अन्य को बरी करने संबंधी विशेष अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय में दलील दी कि यह आदेश अभियोजन पक्ष के मामले की चुनिंदा व्याख्या पर आधारित था, जिसमें आरोपियों की संलिप्तता दर्शाने वाली सामग्री को नजरअंदाज किया गया था।

सीबीआई ने इसे स्पष्ट रूप से त्रुटिपूर्ण" करार दिया है। एजेंसी ने इस आदेश को विकृत बताते हुए कहा कि इसमें स्पष्ट त्रुटियां हैं, यह तथ्यों की गलत व्याख्या पर आधारित है और आरोप तय करने के चरण से संबंधित उच्चतम न्यायालय के कथनों का उल्लंघन करता है। विशेष अदालत ने शुक्रवार को शराब नीति मामले में केजरीवाल, सिसोदिया और 21 अन्य लोगों को सीबीआई द्वारा दायर आरोपपत्र का संज्ञान लेने से इनकार करते हुए बरी कर दिया था। इस मामले में जिन 21 लोगों को क्लीन चिट दी गई है, उनमें तेलंगाना जागृति की अध्यक्ष के. कविता भी शामिल हैं।

विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने जांच में कमियों के लिए सीबीआई को फटकार लगाते हुए कहा था कि केजरीवाल के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है और सिसोदिया एवं अन्य आरोपियों के खिलाफ प्रथम दृष्टया कोई मामला नहीं बनता है। सीबीआई ने कुछ ही घंटों के भीतर तत्काल पुनरीक्षण याचिका के माध्यम से उच्च न्यायालय में इस आदेश को चुनौती दी। इस मामले की सुनवाई नौ मार्च को होगी। सीबीआई ने कहा, जिस आदेश को चुनौती दी गई है, वह स्पष्ट रूप से अवैध, विकृत और त्रुटियों से ग्रस्त है।

## मुंबई, अमृतसर समेत कई शहरों में बनेगा जम्मू-कश्मीर भवन

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर सरकार ने अधिकारियों और निवासियों के लिए आवास सुविधाओं के विकास के उद्देश्य से मुंबई, अमृतसर और चंडीगढ़ सहित कई प्रमुख शहरों में नए जम्मू कश्मीर भवन के प्रस्ताव के साथ एक अभियान शुरू किया है। आवास एवं प्रोटोकॉल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वैधानिक मंजूरी, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को अंतिम रूप देने और कार्यकारी एजेंसियों की मंजूरी के बाद, अतिरिक्त आवासों का निर्माण चरणबद्ध तरीके से पूरा होने की उम्मीद है। संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने और पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों में विभाजित किए जाने के बाद पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के तहत जम्मू कश्मीर और लद्दाख के बीच संपत्तियों का विभाजन किया गया। अधिकारियों ने कहा कि सरकार का इरादा नई दिल्ली, मुंबई, अमृतसर और चंडीगढ़ सहित विभिन्न शहरों में अपनी भूमि पर आवास ढांचा विकसित करने का है।

